


## 'छावा' ने बॉक्स ऑफिस पर 'पद्मावत' का रिकॉर्ड तोड़ा, बनी सबसे बड़ी ऐतिहासिक ओपनर

अभिनेता विक्की कौशल की सिंह गर्जना ने उनकी नई फिल्म 'छावा' को हिंदी में बनी ऐतिहासिक फिल्मों में इस मामले में नंबर वन पर ला दिया है कि इसने बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पांचों फिल्मों से बेहतर ओपनिंग पहले दिन की है। हिंदी सिनेमा में बनी ऐतिहासिक फिल्मों में सबसे ज्यादा कमाई का रिकॉर्ड अब तक 'पद्मावत' के पास रहा है जिसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाए पर इसकी ओपनिंग सिर्फ 24 करोड़ रुपये की रही। फिल्म 'छावा' के जरिये अभिनेता विक्की कौशल ने अपना पंजा बॉक्स ऑफिस पर पहले ही दिन ही मार दिया है। फिल्म ने अपनी रिलीज के एक दिन पहले ही दिन 31 करोड़ रुपये से ऊपर की ओपनिंग ली है। ये विक्की कौशल के करियर में बतौर सोलो हीरो अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग भी है। 'छावा' विक्की कौशल के करियर की बिगेस्ट ओपनर तो बन ही चुकी है, फिल्म ने अपनी लागत का 20 फीसदी से ज्यादा पहले दिन ही कमाकर वीकएंड को खुशगवार बनाने की तरफ भी कदम बढ़ा दिए हैं।

निर्माता दिनेश विजन फिल्म 'छावा' के 12,344 शोज की एडवांस बुकिंग बीते सोमवार से चलती रही है। फिल्म शुक्रवार को दुनिया भर में रिलीज हो गई। वैलेंटाइंस डे पर फिल्म देखने तमाम जोड़े भी आए और उन्हें फिल्म में विक्की कौशल व रश्मिका मंदाना के बीच श्री और सखी श्री के संबोधनों वाला संवाद खूब पसंद आया। फिल्म के क्लाइमेक्स में भी मां जगदंबा को याद करते संभाजी और येसुबाई को देख लोगों ने आंसू भी बहाए। इसके बाद आए फिल्म के खौफनाक क्लाइमेक्स को लोग अभी बरसों याद रखेंगे। किसी भी फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन अगर अपने मेकिंग और प्रचार बजट के 20 फीसदी या उससे ज्यादा होता तो उसके हिट होने की संभावनाएं प्रबल हो जाती हैं। फिल्म 'छावा' 130 करोड़ रुपये में बनी है। उस लिहाज से फिल्म 'छावा' के रिलीज के पहले दिन 31 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार कर लेने से विक्की कौशल की प्रतिष्ठा भी हिंदी सिनेमा में बढ़ना तय माना जा रहा है। ये कलेक्शन इस साल किसी हिंदी फिल्म की अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग है। इसके पहले अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया की फिल्म 'स्काई फोर्स' ने रिलीज के पहले दिन करीब 15.30 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब तक हिंदी में बनी सारी ऐतिसाहिक फिल्मों में ये सबसे बड़ी ओपनिंग है। इसके पहले ये रिकॉर्ड दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'पद्मावत' के पास था जिसकी ओपनिंग 24 करोड़ रुपये रही थी।



## पापा ने सेट पर ईमानदार रहना सिखाया, कहा- एक्टिंग मत करो, किरदार बनो

**नए साल में वैलेंटाइंस डे के महीने में कावेरी कपूर के रूप में एक और नई स्टार किड की फिल्म इंडस्ट्री में एंट्री हुई है। ऑस्कर विजेता फिल्म एलिजाबेथ, मिस्टर इंडिया, बैंडिट क्वीन और मासूम जैसी फिल्मों के निर्देशक शेखर कपूर और जानी-मानी एक्ट्रेस-सिंगर सुचित्रा कृष्णामूर्ति की बेटी कावेरी की फिल्म बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी ओटीटी पर नजर आएगी। एक समय सिंगर -कंपोजर बनने की इच्छुक कावेरी ने एक्टिंग का रुख किया है। उनसे एक खास बातचीत।**

आज भले कावेरी ने अपना एक्टिंग डेब्यू कर लिया है, मगर वह बचपन से ही गीत-संगीत के प्रति आकर्षित रहीं। हालांकि उन्हें लेकर ये चर्चा बहुत जोरों पर थी कि वह पिता शेखर कपूर की आइकॉनिक फिल्म मासूम के पार्ट टू यानी मासूमन्द नेक्स्ट जनरेशन से डेब्यू करेंगी, मगर फिर उन्होंने इस फिल्म से आगाज किया। वह कहती हैं, मासूमन्द नेक्स्ट जनरेशन जरूर आएगी और जल्द ही आएगी। मैं इसके बारे में बहुत ज्यादा बात तो नहीं कर सकती, मगर फिल्म निश्चित तौर पर बन रही है और यही मेरी अगली फिल्म होगी।

### आज भी प्यार होता है, दिल टूटता है

चौबीस साल की कावेरी जेनजी से बिलॉन्ग करती हैं। आज के प्यार -मोहब्बत के दौर में बेन्चिंग, सिचुएशनशिप, घोस्टिंग जैसे टर्म्स पर उनका कहना है, मुझे लगता है, प्यार तो आज की जनरेशन भी करती है, बस कम्युनिकेशन का तरीका बदल गया है। आज भी लोग आई लव यू कहते हैं। पहले चिट्ठियों के जरिए ये बात कही जाती थी, मगर आज लोग मैसेज करके या अपनी इंस्टा स्टोरी के जरिए ये बातें कर देते हैं। हां, मैं मानती हूं कि आज की जनरेशन के पास चॉइसेज ज्यादा हैं, तो रिलेशनशिप का स्वरूप बदल गया है, मगर लव तो आज भी होता है, आज भी लोगों का हार्ट ब्रेक होता है। मुझे लगता है कि आज से 50 साल पहले डेटिंग ऐप होते, तो यकीनन उस समय के लोग भी उसका फायदा उठाते।

### ग्यारह साल की उम्र में लिखा था पहला गाना

एक्टिंग के क्षेत्र में आने से पहले कावेरी गीत-संगीत से जुड़ी रही हैं। वह उस वक्त मात्र 11 साल की थीं, जब अपना पहला गाना लाई थीं। उनका गाना डिड यू नो जब यूट्यूब पर रिलीज हुआ था, तब शाहरुख खान, ऋतिक रोशन समेत सोनू निगम ने भी उनकी काफी तारीफ की थी। वह कहती हैं, मुझमें हमेशा से लोगों को और दुनिया को समझने की एक उत्सुकता रही है। मैं अपने गीतों के जरिए मानवीय भावनाओं को व्यक्त करती हूं। यह मैं बहुत बचपन से करती आ रही हूं। गीत-संगीत ने हमेशा से मुझे अपनी सोच और स्किल को अभिव्यक्त करने का प्लेटफॉर्म दिया। 2016 में जब मेरा पहला म्यूजिक विडियो डिड यू नो आया था, तब भी ये लोगों को बहुत पसंद आया था। यह गाना मैंने खुद लिखा, कंपोज किया और इसे आवाज भी दी थी। आज जब मैं एक्टिंग के क्षेत्र में आ गई हूं, तो मेरा म्यूजिक मुझे इमोट करने में काफी मददगार रहा है।

### कुणाल सर ने बहुत ही सेफ फील कराया

हम तुम, फना, थोड़ा प्यार थोड़ा मैजिक और ब्रेक के बाद जैसी फिल्मों में सैफ अली, रानी मुखर्जी, आमिर खान, काजोल, दीपिका पादुकोण जैसे कलाकारों को डायरेक्ट कर चुके कुणाल कोहली फिल्म के निर्देशक हैं। कावेरी कुणाल कोहली के साथ अपने अनुभव को बयान करते हुए कहती हैं, कुणाल सर ने सेट पर मुझे काफी सेफ फील कराया। यह मेरी पहली फिल्म है, तो मेरे आपस एक्टिंग का कोई अनुभव नहीं था। सेट पर उन्होंने माहौल को कुछ ऐसा बनाए रखा कि अगर मैं कभी नर्वस होती भी, तो वह मुझसे चर्चा करते और मेरी नर्वसनेस दूर कर देते थे। निर्देशक के रूप में उनकी सबसे बड़ी खूबी यही है कि वह आपका एक्स फैक्टर पहचानते हैं। वह समझते हैं कि आपका दिमाग और बॉडी लैंग्वेज क्या होगा और वह उसी हिसाब से सलाह देते हैं।

## फिल्म 'द नेटवर्कर' करके थ्रिल हुआ

**फिल्म 'द नेटवर्कर' एमएलएम के जाल में फंसे लोगों की गहराई और जटिलता के बारे में हैं। इस फिल्म का पोस्टर 9 फरवरी को चंडीगढ़ में लॉन्च हुआ है। इस दौरान फिल्म की स्टार विंध्या तिवारी ने बात की।**

**फिल्म में आपके के किरदार को कितना अलग देख पाएंगी?**
फिल्म का सब्जेक्ट ही अपने आप में सबसे अलग है। ऐसे सब्जेक्ट में जब काम करने का मौका मिलता है तो थ्रिल जैसा महसूस होता है। यह ऐसे स्कैम की कहानी है जो आजकल बहुत ही कॉमन है। मैं इस फिल्म में ऐसी बीवी की भूमिका निभा रही हूं जो अपने पति को बहुत प्यार करती है। आजकल तलाक की बहुत सारी घटनाएं हो रही हैं। पति-पत्नी एक दूसरे को नहीं समझ पा रहे हैं, जबकि कितनी भी विषम परिस्थिति हो एक दूसरे का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। पति-पत्नी को आपस में समस्या को समझकर उसका समाधान निकालना चाहिए।

**इस तरह के इंटेन्स किरदार निभाने का प्रोसेस क्या होता है?**
मैंने कभी एक्टिंग नहीं सीखी है। इसलिए मुझे प्रोसेस नहीं पता है। मैं बनारस की रहने वाली हूं। कैमरा ऑन होते ही कुछ मैजिक होता है। मुझे खुद नहीं पता कि क्या करने वाली हूं। लोग उसे देखकर तारीफ करते हैं। एक्टिंग करते-करते कई साल हो गए हैं, लेकिन मुझे लगता है कि अभी-अभी आई हूं। अभी बहुत कुछ सीखना और अच्छे काम करना है।

**विंध्या, आप फिल्म, टीवी और ओटीटी पर काम कर चुकी हैं, सबसे ज्यादा मजा किसमें आता है?**
मैं बहुत ही साधारण फैमिली से हूं। मैं डांस भी करती थी तो दादा जी को बहुत दिक्कत होती थी। डॉक्टर और इंजीनियर के अलावा तीसरा ऑप्शन देते ही नहीं है। मुझे तो एक्टिंग प्रोफेशन के बारे में नहीं पता था कि इसमें पैसे भी मिलते हैं। मुंबई आई यहां काम और पैसे मिलने लगा तब समझ में आया कि एक्टिंग प्रोफेशन से सीरियसली पैसे भी कमाए जा सकते हैं। टीवी, फिल्म और ओटीटी पर मैंने काम करने बहुत ही एन्जॉय किया है।

**विंध्या, इस फिल्म की सबसे खूबसूरत जर्नी और चैलेंज क्या रहा?**
हर प्रोजेक्ट अपने आप में एक चैलेंज होता है। हर फिल्म की शूटिंग के दौरान टीम के साथ नए लोग होते हैं। विक्रम के साथ मैंने पहले भी काम किया है। हमने लाइफ में बहुत मेहनत की है। हम लोग लखनऊ में शूटिंग कर रहे थे, वहां का माहौल बहुत नवाबी रहता था। सेट पर खाना बहुत अच्छा आता था।



## इम्तियाज अली की सीरीज में दिखेंगे अर्जुन और अदिति

दैशक इम्तियाज अली अमर सिंह चमकीला के बाद अब नेटफ्लिक्स के लिए एक वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं। इस सीरीज में अर्जुन रामपाल और अदिति राव हैदरी के नाम पर तो पहले ही मोहर लग चुकी थी लेकिन इसकी कहानी या कलाकारों से जुड़ी और जानकारी सामने नहीं आई थी। अब इस सीरीज में अविनाश तिवारी की भी एंट्री हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक... सीरीज का नाम है ओ साथी रे, लेकिन इम्तियाज इसका निर्देशन नहीं कर रहे हैं बल्कि वह इससे बतौर लेखक और निर्माता जुड़े हैं। इस सीरीज के निर्देशन की जिम्मेदारी उन्होंने अपने भाई आरिफ अली को सौंपी है। आरिफने इम्तियाज के साथ मिलकर उनकी सुपरहिट वेब सीरीज शी का निर्देशन भी किया था। यह एक रोमांटिक ड्रामा सीरीज होगी, जिसमें एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर देखने को मिलेंगे।







## जयदीप अहलावत ने मनोज वाजपेयी को कहा कमाल?

जयदीप अहलावत को बॉलीवुड से ज्यादा लाइमलाइट वेब सीरीज में अभिनय करके मिली है। वह वेब सीरीज 'पाताल लोक' के दो सीजन में नजर आ चुके हैं। इसमें वह हाथी राम चौधरी के किरदार में नजर आते हैं, जो एक पुलिस ऑफिसर है। इस किरदार के जरिए दर्शकों को अपराध की स्याह दुनिया दिखाई जाती है। 'पाताल लोक 2' में भी दर्शकों ने जयदीप को खूब सराहा। अब वह एक और वेब सीरीज में नजर आएंगे। इसमें जिस कलाकार के साथ वह काम कर रहे हैं, वह बॉलीवुड के उम्दा एक्टर्स में शामिल है।

### जयदीप ने इस एक्टर को सराहा

जल्द ही जयदीप मनोज वाजपेयी के साथ वेब सीरीज 'फैमिली मैन 3' में नजर आएंगे। इस वेब सीरीज में उनका रोल काफी अलग होने वाला है। इस सीरीज का हिस्सा बनकर वह काफी खुश हैं। मनोज वाजपेयी के साथ एक्टिंग करना उनके लिए बड़ी बात है। वह मनोज को एक कमाल का एक्टर बताते हैं। जयदीप अहलावत 'फैमिली मैन 3' की स्टोरी को भी बेहतरीन और सुंदर बताते हैं। वह इस वेब सीरीज को बनाने वाली पूरी टीम की तारीफ करते हैं। उन्हें उम्मीद है कि जब वेब सीरीज आएगी तो दर्शकों को जरूर पसंद आएगी।

### जयदीप के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

जयदीप अहलावत एक फिल्म 'ज्वेल थीफ' में भी नजर आएंगे। इसमें सैफ अली खान अहम भूमिका निभा रहे हैं। हाल ही में इसका टीजर भी रिलीज हुआ, यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। फिल्म हाइस्ट यानी चोरी पर आधारित है।



## रितेश देशमुख की राजा शिवाजी में दिखेंगे संजय, फरदीन और अभिषेक

रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा की सुपरहिट मराठी फिल्म वेड दर्शकों की कसौटी पर खरी उतरी थी। अब रितेश अपनी दूसरी मराठी फिल्म राजा शिवाजी लेकर आ रहे हैं। उनकी यह फिल्म हिंदी में भी रिलीज होने वाली है और इससे भी खास बात यह है कि इस फिल्म के लिए रितेश ने अभिषेक बच्चन, संजय दत्त और फरदीन खान को साइन कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में अभिषेक, फरदीन और संजय की एंट्री हो चुकी है और इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई है। फिल्म के निर्देशन की कमान तो रितेश संभाल ही रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि संजय, अभिषेक और फरदीन इसमें मुगलों की भूमिका में दिखेंगे। इसमें तीनों एक्टर्स मुगलों की भूमिका में दिखेंगे। फिल्म को रितेश डायरेक्ट कर रहे हैं।






समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# वार्ड 10 के भाजपा प्रत्याशी भगवान सिंह ने किया डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** नगर निगम के वार्ड नंबर-10 से भाजपा प्रत्याशी भगवान सिंह ने अपने साथियों के साथ आज जनसंपर्क अभियान चलाते हुए ब्लॉक बी, सी, डी में डोर टू डोर जाकर लोगों से वोट मांगे और उन्हें विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान जगह-जगह भाजपा प्रत्याशी भगवान सिंह का लोगों ने स्वागत करते हुए उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। जनसंपर्क अभियान के दौरान जगह जगह नुक्कड सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकारें देश और प्रदेश को विकास की नई राह पर अग्रसर



कर रही है, आज समूचे विश्व में भारत जहां मजबूत शक्ति बन रहा है वहीं देशभर में हरियाणा प्रदेश विकास की नई ऊंचाईयों को छू रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि अगर आप अपने वार्ड अपने जिले का समुचित विकास चाहते है तो भाजपा प्रत्याशियों को जिताने का काम करे ताकि वह निगम सदन में पहुंचकर लोगों की समस्याओं का दूर करवा सके। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा की तर्ज पर नगर निगम में भी भाजपा छोटी सरकार बनाएगी और भाजपा का ही मेयर बनेगा और उसके बाद ट्रिपल इंजन की सरकार सभी वार्डो का समुचित विकास करवाने में कोई कोर कसर बाक़ी नहीं छोड़ेगी। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं के अलावा अशोक पांचाल (जिलामंहामंत्री ओबीसी मोर्चा) राजकुमार यादव (मंडल महामंत्री) मनीषा (महिलामंडल महामंत्री) पुष्पलाता (महिलामंडल सचिव आदि उपर्स्थित रहे।

# हार के डर से भाजपा ने तीन साल से निगम के चुनाव नहीं करवाए : विजय प्रताप

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बडखल विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय प्रताप ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय प्रताप ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में निगम चुनावों को लेकर इतना भय था कि 3 साल बाद नगर निगम चुनाव करवाए जा रहे हैं। पांच साल कुछ किया नहीं, 3 साल देरी से चुनाव करवाए जा रहे हैं वो हरियाणा के उच्च न्यायालय के दवाब में। यह बातें मंगलवार को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहीं। यही नहीं उन्होंने कहा कि भाजपा को नगर निगम चुनावों में हार का डर सता रहा था इसलिए भाजपा ने अपने ज्यादातर पुराने पार्षदों को बदला है और नए उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है।



भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने नगर निगम को जमकर लूट की और ठीकरा पार्षदों के सर पर फोड़ दिया। पार्षदों को दो करोड़ रूपया अपने अपने क्षेत्रों में विकास कार्य करने के लिए देने की बात कहीं गई और कुछ नहीं दिया। जिससे फरीदाबाद विकास कार्यों के लिए तरसता रहा। लेकिन भाजपाईयों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। भाजपा के अपने ही पार्षद टिकट न मिलने से नाराज हैं और निर्दलीय ताल ठोक रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मजबूती से नगर निगम चुनाव लड़ेगी और मेयर प्रत्याशी लता रानी गुर्जर को भारी मतों से जीता कर मेयर बनाएगी, विकास कार्यों की अनदेखी करने वाली भाजपा को जनता दरकिनार कर कांग्रेस प्रत्याशियों की जिताएगी।

# भाजपा का चुनावी एजेंडा तैयार, 35 मुद्दों को किया चिन्हित : पंडित मोहन लाल बड़ौली

## झूठ और फरेब की राजनीति करने वाली कांग्रेस को जनता ने नकारा : बड़ौली



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बैठक से पहले प्रेसवार्ता कर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा ने अपना चुनावी एजेंडा तैयार कर लिया है। राज्य और केंद्र सरकार के 35 मुद्दों को चिन्हित किया गया है। डबल इंजन की सरकार के सभी मुद्दों को पंपलेट के जरिए घर-घर पहुंचाने का काम निकाय चुनाव में करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर निगम, नगरपरिषद, नगर पालिका के अलग-अलग पंपलेट होंगे। पंपलेट पर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की सभी योजनाएं होंगी और संकल्प पत्र में क्षेत्र के हिसाब से ही मुद्दों को शामिल किया जाएगा। प्रेसवार्ता के दौरान कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष सुशील राणा, जिला मीडिया प्रभारी शैलेस वत्स, विक्रम शर्मा मौजूद रहे। चुनाव में प्रचार के लिए बड़े लीडर के बुलाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उम्मीदवार की डिमांड होगी तो राष्ट्रीय नेताओं को बुलाने से पार्टी कोई परहेज नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा भाजपा के साथ है, जनता अब कांग्रेस पर विश्वास नहीं करती। कांग्रेस ने सदा ही झूठ और फरेब की राजनीति की है इसलिए जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। नायब सरकार के निर्णयों की प्रशंसा करते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री ने शपथ लेते ही 24 हजार युवाओं को नौकरी दी। डीएससी समाज के लिए सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों को लागू किया और डायलसिस के मरीजों को निशुल्क इलाज देने की व्यवस्था की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र में जो वादे किए हैं उन्हें भाजपा सरकार पूरा करेगी। संगठन से संबंधित सवाल पर श्री बड़ौली ने कहा कि 377 मंडलों पर चुनावी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। 20 हजार 629 बूथों पर टीम बन चुकी है। निकाय चुनाव के परिणाम आने के बाद संगठन पर्व को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की टीम निकाय चुनाव जीतने के लिए तैयार है।

# ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से जिले के विकास को मिलेगी नई गतिः गोल्डी अरोड़ा

## भाजपा नेता ने वार्ड नंबर-4 से भाजपा प्रत्याशी संगीता भारद्वाज के समर्थन में मांगे वोट



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** नगर निगम के वार्ड नंबर-4 से भाजपा प्रत्याशी संगीता भारद्वाज के समर्थन में भाजपा के जिला सचिव एवं पंजाबी नेता गोल्डी अरोड़ा ने अपने साथियों के साथ आज जनसंपर्क अभियान चलाते हुए डोर टू डोर जाकर लोगों से वोट मांगे और उन्हें विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान जगह-जगह गोल्डी अरोड़ा व भाजपा प्रत्याशी संगीता भारद्वाज का लोगों ने स्वागत करते हुए उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। जनसंपर्क अभियान के तहत गोल्डी अरोड़ा ने संजय कालोनी, सेक्टर-23 आदि में नुक्कड सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकारें देश और प्रदेश को विकास की नई राह पर अग्रसर कर रही है, आज समूचे विश्व में भारत जहां मजबूत शक्ति बन रहा है वहीं देशभर में हरियाणा प्रदेश विकास की नई ऊंचाईयों को छू रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि अगर आप अपने वार्ड अपने जिले का समुचित विकास चाहते हैं तो भाजपा प्रत्याशियों को जिताने का काम करे ताकि वह निगम सदन में पहुंचकर लोगों की समस्याओं का दूर करवा सके। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता ज्ञानेन्द्र भारद्वाज वार्ड नंबर-4 के विकास के लिए सदैव तत्पर रहते हैं और उनके प्रयासों से इस वार्ड में काफी विकास कार्य भी हुए है, अगर उनकी पत्नी संगीता भारद्वाज पार्षद जाती है तो यकीनन इस वार्ड में विकास करवाने में वह कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ेगी। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रुप से भाजपा प्रत्याशी के पति ज्ञानेन्द्र भारद्वाज, नगेंद्र दत्ता, जुगल किशोर, राजीव महाजन (प्रधान), सचिन बंसल, रवि सोनी,बंटी अग्रवाल, मनी अरोड़ा, दीपक विरमानी, संजीव महाजन, मनीष बत्रा, विकास शर्मा, मनीष चौधरी, आशीष माटा, रोहित भाटिया, सागर दुआ, अशोक गेरा, दीपांकर आहुजा सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी बने भारत के नए निर्वाचन आयुक्त

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा कैडर के 1989 बैच के प्रतिष्ठित आईएएस अधिकारी डॉ. विवेक जोशी को भारत के नए निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली एक चयन समिति द्वारा इस प्रतिष्ठित पद के लिए डॉ. जोशी के नाम की सिफारिश किए जाने के बाद यह घोषणा की गई। वे तीन सदस्यीय चुनाव आयोग में शामिल होंगे, जिसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) श्री ज्ञानेश प्रकाश और निर्वाचन आयुक्त श्री सुखबीर सिंह संधू शामिल हैं।

डॉ. जोशी नवंबर, 2024 से हरियाणा के मुख्य सचिव के रूप में कार्य कर रहे हैं, लोक प्रशासन में समृद्ध अनुभव रखते हैं। राज्य सरकार के अनुरोध पर डॉ विवेक जोशी ने पिछले साल एक नवंबर को केंद्र सरकार से प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद हरियाणा के मुख्य सचिव का कार्यभार संभाला था।

हरियाणा में नियुक्ति से पहले डॉ.



जोशी भारत सरकार में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर लंबे समय तक कार्यरत रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन भोगी मंत्रालय में कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के सचिव के रूप में सेवाएं दी हैं। उनके शानदार करियर में उन्हें वित्तीय सेवा विभाग में सचिव और गृह मंत्रालय में भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त के पद पर भी सेवाएं दी हैं। भारत सरकार में उनका कार्यकाल 2001 से 2006 तक और फिर 2010 से 2017 तक और 2019 से 2024 तक रहा।

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से पहले डॉ. जोशी ने हरियाणा में कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दिन हैं जिनमें गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नई दिल्ली में प्रधान रेजिडेंट कमिश्नर, 5 वें राज्य वित्त आयोग के सदस्य सचिव और अंबाला डिवीजन के आयुक्त शामिल हैं। उन्होंने अन्य पदों के अलावा वे हिसार, जींद और पंचकूला के उपायुक्त भी रहे हैं।

हरियाणा के मुख्य सचिव के रूप में डॉ. जोशी ने शासन और जन कल्याण में सुधार के उद्देश्य से कई प्रमुख पहलों को क्रियान्वित किया है। ऐसी ही एक पहल थी दिसंबर 2024 में शुरू किया गया स्वच्छ हरियाणा मिशन। 31 जनवरी, 2025 तक चले इस अभियान का उद्देश्य राज्य भर के सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता को बढ़ाना, कार्यालय स्थानों का अनुकूलन करना और पुरानी सामग्रियों का निपटान करना था।

डॉ. जोशी ने आईआईटी रुड़की से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री और स्विट्जरलैंड के जिनेवा में ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एंड डेवलपमेंट स्टडीज से इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स में पीएचडी की है। उनकी उल्लेखनीय शैक्षणिक और पेशेवर पृष्ठभूमि उन्हें चुनाव आयोग के लिए एक परिसंपत्ति के रूप में स्थापित करती है, जहां उनका नेतृत्व और विशेषज्ञता देश की चुनावी प्रक्रियाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

# स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

**स्वच्छ भारत सर्वेक्षण में फ़रीदाबाद को टॉप टेन पर लाने के लिए नगर निगम के अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा निर्देश**

**अधिकारी और सफाई विभाग के कर्मचारी अपनी निष्ठा के साथ करें फरीदाबाद को स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य : ए मोना श्रीनिवास**



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत मापदंडों को पूरा करने पर होने वाले आंकलन से मिलने वाली रैंकिंग के आधार पर प्रतिवर्ष भारत के नगरों और कस्बों को स्वच्छ नगर का सम्मान दिया जाता है, देशभर के करीब 4900 नगरों में यह सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है,उसी को लेकर स्वच्छता सर्वेक्षण फरीदाबाद में भी किया जाएगा बता दें की अगले महीने स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम फरीदाबाद का दौरा कर सकती है। स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने अधिकारियों को दिए गए दिशा निर्देशों में अधिकारियों को निगम एरिया में बेहतर सफाई करवाने के लिए कहा गया है।

इस मोके पर पंचकूला से यूएलबी के जॉइंट डायरेक्टर कंवर सिंह भी पहुंचे इस बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं कि वह स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए समस्त तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण करें। उन्होंने कहा की नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के माध्यम से अलग अलग जोन में सफाई के लिए विशेष अभियान चलाए जायें। इसके अलावा शहर में अलग अलग स्थानों पर बनाये गए पब्लिक टॉयलेट्स की सफ़ाई करवाना भी सुनिश्चित करने के साथ सैसड़क के किनारों पर दिखाई देने वाले सॉलिड वेस्ट को भी तुरंत प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में यह भी आदेश दिए गए की सफ़ाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य भी ध्यान में रखते हुए उनको सेफ्टी उपकरण उपलब्ध कराये जायें।

इसके अलावा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सभी स्कूलों में सफाई व्यवस्था और शहर में जहाँ भी सैकेंडरी वेस्ट पॉइंट बने हुए हैं उनकी सफाई करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा की सभी जोन के जॉइंट कमिश्नर अपने अपने एरिया में मॉनिटरिंग करें ताकि सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग फ़रीदाबाद को मिल सके और हरियाणा का नाम स्वच्छ प्रदेशों की लिस्ट में टॉप पर सके। यूएलबी के जॉइंट डायरेक्टर कंवर सिंह के साथ आई टीम ने प्रोजेक्टर के माध्यम से स्वच्छता सर्वेक्षण में बारीकी से देखे जाने वाले सभी पॉइंट को अधिकारियों से साँझा किया ताकि उनके उपर कार्य किया जा सके और अच्छी रैंकिंग में फरीदाबाद पहुँचे सके। बैठक में एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल, जॉइंट कमिश्नर कु० द्विजा, जॉइंट कमिश्नर राजेश कुमार, जॉइंट कमिश्नर हितेंद्र कुमार, जॉइंट कमिश्नर गजेंद्र सिंह, एडवाइजर अनिल मेहता, एसई ओमवीर सिंह, एक्सईएन सुशील ठाकरान, एक्सईएन ओपी कर्दम, एक्सईएन नितिन कादियान ,सफ़ाई निरीक्षक मुख्यालय बिशन तेवतिया सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

# जीवन ज्योत कौर को डब्ल्यूएफकेओ का विश्व उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भारत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलबधि में, सुश्री जीवन ज्योत कौर को आधिकारिक तौर पर विश्व फ्रीस्टाइल किक बॉक्सिंग संगठन (WFKO) का विश्व उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह प्रतिष्ठित नियुक्ति खेल के प्रति उनके समर्पण और वैश्विक मंच पर फ्रीस्टाइल किकबॉक्सिंग को बढ़ावा देने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्हें यह सम्मान WFKO के विश्व अध्यक्ष ब्रायन बेक के नेतृत्व में मिला, जिन्होंने दुनिया भर में संगठन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इसके अतिरिक्त, भारतीय फ्रीस्टाइल किक बॉक्सिंग संगठन (IFKO) के अध्यक्ष संतोष मात्रे ने भारत में खेल के विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अपना आभार व्यक्त करते हुए जीवन ज्योत कौर ने कहा कि यह भूमिका निभाना और विश्व स्तर पर फ्रीस्टाइल किक बॉक्सिंग के विस्तार में योगदान देना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं ब्रायन बेक को उनके विश्वास और मार्गदर्शन के लिए और



संतोष मात्रे को भारत में खेल को बढ़ावा देने में उनके अटूट समर्थन के लिए ईमानदारी से धन्यवाद देती हूँ। हम मिलकर फ्रीस्टाइल किकबॉक्सिंग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में काम करेंगे। यह नियुक्ति भारतीय किकबॉक्सिंग समुदाय के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है, जो अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में देश की उपस्थिति को और मजबूत करेगा।

# फरीदाबाद नगर निगम चुनाव के लिए ऑब्जर्वर नियुक्त

## चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पाए जाने पर मोबाइल नंबर पर कर सकते है शिकायत

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद 18 फरवरी।** फरीदाबाद नगर निगम के चुनावों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के दृष्टिगत चुनाव आयोग ने तीन पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है।

हरियाणा के राज्य चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार नगर निगम चुनाव के लिए तीन श्रेणियां के पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इन पर्यवेक्षकों की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से संपन्न होगी। फरीदाबाद नगर निगम चुनाव में पारदर्शिता के लिए आईएएस अनीता यादव को सामान्य पर्यवेक्षक, पुलिस संबंधी मामलों के लिए आईपीएस डॉ राजश्री सिंह को पुलिस पर्यवेक्षक और एक्सपेंडिचर कमेटी के लिए डीईटीसी सुनीला सिंह को खर्च पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। चुनाव आयोग ने तीनों इन अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी जारी किए हैं। आदर्श चुनाव आचार संहिता की हिदायतों का अनुपालन सुनिश्चित करवाने तथा पारदर्शिता बनाए रखने की इन अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। चुनाव के दौरान कहीं भी चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पाए जाने पर उसकी शिकायत अधिकारियों के मोबाइल नंबर पर दी जा सकती है।

आईएएस अनिता यादव- 8800540222

आईपीएस डॉ राजश्री सिंह- 9560011594

डीईटीसी सुनीला सिंह - 9811953195